# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक- 253 /व0प्रा0सप्ताह (कैम्प)/जू                    दिनांकः 17 सितम्बर, 2019

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
जनपद– लखनऊ

विषय– नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह (दिनांक 01 से 07 अक्टूबर, 2019) का आयोजन।

प्रिय महोदय/महोदया

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी लखनऊ प्राणि उद्यान में वन्य प्राणि सप्ताह 2019 का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस सप्ताह प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा विद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु वन्य जीव आधारित विभिन्न प्रकार के आयोजन/स्पर्धाएं आयोजित की जाती है (स्पर्धाओं की सूची संलग्न है)। इन प्रतियोगिताओं/स्पर्धाओं का उद्‌देश्य प्रतिभागियों में पर्यावरण, वन एंव वन्यजीवों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त कराना तथा उनके प्रति अभिरूचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर पूरे सप्ताह प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र/छात्राओं एवं संबंधित शिक्षकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

अतः आप अपने विद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु भेजने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)
निदेशक,
न0वा0अ0शा0प्राणि उद्यान लखनऊ

# लखनऊ प्राणि उद्यान में "वन्य प्राणि सप्ताह–2019"

| दिनांक | दिन | समय | कार्यक्रम | ग्रुप | कार्यक्रमस्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01.10.19 | मंगलवार | 11.00 बजे | मुख्य अतिथि मा0 वन,पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्री जी द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2019 का उद्घाटन | समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को निमंत्रण | प्राणि उद्यान लखनऊ |
| 01.10.19 | मंगलवार | 11.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | प्राणि उद्यान लखनऊ |
| 02.10.19 | बुधवार | 11.00 से 12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| 02.10.19 | बुधवार | 12.30 से 01.30 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | बारादरी |
| 02.10.19 | बुधवार | 2.00 से 3.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता | सभी के लिये | बारादरी |
| 02.10.19 | बुधवार | 3.00 से 4.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित स्क्रिप्ट राइटिंग प्रतियोगिता | सभी के लिये | बारादरी |
| 03.10.19 | गुरूवार | 09:00 से 10.30 बजे | तितलियों को पहचानो। | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | तितली पार्क |
| 03.10.19 | गुरूवार | 11:00 से 12.00 बजे | सांपों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | सांपघर |
| 03.10.19 | गुरूवार | 11.00 से 12.00बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता | (अ) कक्षा–6 से 8<br>(ब) कक्षा–9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | प्राणि उद्यान सभाकक्ष |
| 03.10.19 | गुरूवार | 12.30 से 01.30 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावारण पर आधारित कागज से तथा पेपर मेशिंग से एनीमल मेकिंग(औरीगेमी)। | (अ) कक्षा–6 से 8<br>(ब) कक्षा–9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | बारादरी |
| 04.10.19 | शुक्रवार | 11.00 से 1.00.तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12<br>(स) ओपेन वर्ग | बारादरी |
| 04.10.19 | शुक्रवार | 11.00 से 1.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | डकपाण्ड विजिटर शेड |
| 04.10.19 | शुक्रवार | 1.30 से 3.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 05.10.19 | शनिवार | 11.00 से 12.00 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 05.10.19 | शनिवार | 12.30 से 02.30बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित बैस्ट आउट आफ द वेस्ट(Best out of the waste) | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 06.10.19 | रविवार | 11.00 से 12.00बजे | वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन (जिंगल) प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 06.10.19 | रविवार | 12.30 से 01.30 तक | वन्य जीव संरक्षण पर आधारित ड्राईंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 12 | बारादरी |
| 06.10.19 | रविवार | 02.00 से 03.00 बजे | वन्य जीवों पर आधारित कठपुतली का प्रदर्शन | प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा आयोजित | बारादरी |
| 07.10.19 | सोमवार | समापन समारोह | मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण | वन विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त अतिथियों हेतु | बरादरी |

# प्राणि उद्यान लखनऊ में अतिरिक्त कार्यक्रमों की सूचना

| कम सं0 | कार्यक्रम |
|---|---|
| 1 | वन्यजीव सप्ताह के प्रत्येक दिन आनलाइन वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसमें 10 प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रश्न प्राणि उद्यान की वेबसाइट–www.lucknowzoo.com, वन विभाग की वेबसाइट www.upforest.gov.in एंव उत्तर प्रदेश वन्यजीव की वेबसाइट www.upforestwildlife.org पर प्रदर्शित होंगे। |
| 2 | वन्यजीव सप्ताह के प्रत्येक दिन वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ एनीमेशन वीडियो प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में लखनऊ प्राणि उद्यान पर अथवा वाइल्ड लाईफ पर आधारित 10 मिनट का एनीमेशन वीडियो बनाकर 30 सितंबर 2019 तक पैन ड्राइव सहित जमा करना होगा तथा दिनांक 04–10–19 को सांय 04:00 बजे प्रतिभागियों को अपने लैपटाप पर एनीमेशन वीडियो प्रदर्शित करना होगा। |

## दिनांक 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2019 (वन्य प्राणि सप्ताह) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम–

**1–वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक 01.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित फैन्सी ड्रेस_पर आधारित होगी। जिसमें प्रतिभागियों को वन्यजीव एंव पर्यावरण से संबधित ड्रेस पहन कर आना होगा। ड्रेस का प्रबंध प्रतिभागियों को स्वयं करना होगा। यह प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**2–वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ क्विज प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक( डकपाण्ड विजिटर शेड)**

दिनांक 02.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। प्रतियोगी को वन्य जीवों एवं पर्यावरण विषयक जानकारी होना चाहिए। लखनऊ प्राणि उद्यान के वन्य जीवों से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी भी प्रतिभागियों को होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 03.10.2019 को सांयकाल घोषित किया जायेगा। यह प्रतियोगिता डकपाण्ड विजिटर शेड में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

**3– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 12:30 से 01:30 बजे तक(बारादरी ) में**

दिनांक 02.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता बच्चों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों को मेंहदी लगााने हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। समस्त प्रतिभागियों को मेंहदी प्रतियोगिता हेतु सामग्री स्वयं लानी होगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक
(स) ओपेन वर्ग

4– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता – समय दोपहर 2.00 बजे से 3:00 बजे

दिनांक 02.10.2019 को यह कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित किया जायेगा।

4– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित स्क्रिप्ट राइटिंग प्रतियोगिता – समय दोपहर 3.00 बजे से 4:00 बजे

दिनांक 02.10.2019 को यह कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित किया जायेगा।

5– तितलियों को पहचानो– समय प्रातः09.00 से 10.30 तक

दिनांक 03.10.2019 को यह कार्यक्रम तितली पार्क में उपलब्ध तितलियों पर आधारित होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को तितलियों का नाम बताना होगा।यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में तितली पार्क में आयोजित किया जायेगा।

(अ) कक्षा 6 से 8

(ब) कक्षा 9 से 12

6– सांपों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता– समय प्रातः11.00 से 12.00 तक

दिनांक 03.10.2019 को यह कार्यक्रम सांपघर में उपलब्ध सर्पों पर आधारित होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को सर्पों पर सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है। यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में सांपघर में आयोजित किया जायेगा।

(अ) कक्षा 6 से 8

(ब) कक्षा 9 से 12

7– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक(प्राणि उद्यान सभाकक्ष )

दिनांक 03.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता बच्चों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर के प्राणि उद्यान सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक

(ब) कक्षा–9 से 12 तक

(स) ओपेन वर्ग

नियम –

1– फोटोग्राफी प्रतियोगिता की थीम वाइल्ड लाइफ ऑफ इंडिया होगी।

2– प्रत्येक प्रतियोगी की अधिकतम 04 फोटो (कलर/ब्लैक एण्ड वाइट) ही स्वीकार की जायेंगी।

3– फोटो का साइज न्यूनतम 8''X10'' तथा अधिकतम 12''X18'' (Unmounted) होगा। इससे कम साइज स्वीकार्य नहीं होगा।

4– प्रतियोगी का नाम, पता, श्रेणी, शीर्षक तथा फोन नम्बर फोटो की पीछे की ओर लिखा होना आवश्यक होगा।

5– फोटोग्राफी प्रतियोगी द्वारा स्वयं खींचे गये फोटो ही देने होंगे यदि उन फोटोग्राफ पर कोई और व्यक्ति दावा करता है तो निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम होगा।

6– फोटो 30 सितम्बर, 2019 को सांय 05.00 बजे तक बंद लिफाफे में स्वीकार की जायेंगी।

7– फोटो निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे।

8– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित स्कूली बच्चों हेतु कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता **( ORIGAMI)** समय पूर्वाह्न 12:30से 01:30 बजे तक (बारादरी)

दिनांक 03.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित स्कूली बच्चों हेतु रंगीन कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता (ORIGAMI) प्रतियोगिता बारादरी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु सामग्री प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक
(स) ओपेन वर्ग

9– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 01:00 बजे तक ( बारादरी )

दिनांक 04.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित एनीमल मेकिंग विद क्ले प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु सामग्री प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक
(स) ओपेन वर्ग

10– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे तक( डकपाण्ड विजिटर शेड)

दिनांक 04.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में डकपाण्ड विजिटर शेड में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक
(ब) कक्षा–9 से 12 तक

11– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता –समय अपराहन 01:30 से 3:00 बजे तक( डकपाण्ड विजिटर शेड)

दिनांक 04.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निबंध प्रतियोगिता द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में डकपाण्ड विजिटर शेड में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 0510.2019 को सांयकाल घोषित किया जायेगा।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

| ग्रुप | शब्द |
|---|---|
| (अ) कक्षा–6 से 8 तक | 150 |
| (ब) कक्षा–9 से 12 तक | 225 |

12–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता– समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक (बारादरी ) में

दिनांक 05.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता बच्चों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु चेहरे पर उपयोग किये जाने वाले रंग(Colours) प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। प्रतिभागी विद्यार्थियों के अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कलर्स प्रतिभागियों के लिये नुकसानदेह न हों। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–1 से 5 तक
(ब) कक्षा–6 से 8 तक
(स) कक्षा–9 से 12 तक

13–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित **Best out of the waste** प्रतियोगिता– समय अपराह्न 12:30 से 02:30 बजे तक (बारादरी ) में

दिनांक 05.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव संरक्षण पर आधारित Best out of the waste प्रतियोगिता बच्चों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु Waste प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक

(ब) कक्षा–9 से 12 तक

14–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता– समय पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक (बारादरी ) में

दिनांक 06.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता बच्चों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 06.10.2019 को सांयकाल घोषित किया जायेगा।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा–6 से 8 तक

(ब) कक्षा–9 से 12 तक

15– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित पोस्टर ड्रॉइंग प्रतियोगिता –समय पूर्वाह्न 12:30 से 01:30 बजे तक (बारादरी ) में

दिनांक 06.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित पोस्टर ड्रॉइंग प्रतियोगिता द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राईंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 06.10.2019 को सांयकाल घोषित किया जायेगा।

(अ) कक्षा 1 से 5 तक

(ब) कक्षा–6 से 8 तक

(स) कक्षा–9 से 12 तक

16–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित कठपुतली कार्यक्रम – समय पूर्वाह्न 02:00 से 03:00 बजे तक (बारादरी ) में

दिनांक 06.10.2019 को यह प्रतियोगिता वन्य जीव पर आधारित कठपुतली कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी।

17–वन्य जीव संरक्षण पर आधारित मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण – समापन समारोह

दिनांक 07.10.2019 को मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी।

प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम–

- समस्त प्रतियोगिताएं कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व अवश्य उपस्थित हो जायें।
- प्रत्येक स्कूल/कालेज प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 5 प्रतिभागी भेज सकते हैं। नुक्कड नाटक में प्रत्येक विद्यालय से 01 टीम स्वीकार्य होगी। निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची दिनांक 30.09.2019 को सांय 05.00 बजे तक निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय में पहुँच जानी चाहिये।

- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 4 पुरस्कार होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान के पास सुरक्षित रहेगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान के दूरभाष संख्या 0522–2239588, एजूकेशन ऑफीसर अभिषेक दुबे से 8005493607 पर एवं वेबसाइट
- www.lucknowzoo.com पर प्राप्त की जा सकती है। व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को अपने विद्यालय की यूनीफार्म में आना होगा तथा विद्यालय का पहचान पत्र अवश्य लाना होगा।

(राजेन्द्र कुमार सिंह I.F.S.)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ